MinistriesDepaitments and will be laid on the tables of both the Houses of Parliament with an Action Taken Memorandum.

(b) The National Commission for Minorities has informed that it may consider further resolution to repeal TADA, if need be.

(c) Does not arise.

उत्तर प्रदेश में कमजोर वर्गो के लिए आरंभ की गयी योजनाओं

1628. **श्रीमती मालती शर्मा** : क्या कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान देश के कमजोर वर्गो के लिये आरम्भ की गई योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) इस अवधि के दौरान उत्तर प्रदेश में इन योजनाओं के अन्तर्गत कितनी धनराशि खर्च की गई;

(ग) क्या खर्च की गई धनराशि पर्याप्त थी, और

(घ) यदि नहीं, तो क्या सरकार नौवीं पंचवर्षीय योजना में अधिक धनराशि आवंटित करने पर विचार कर रही हैं?

कल्याण मंत्री (श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया) : (क) से (ख) एक विवरण संलग हैं (**नीचे देखिए**)

(ग) मंजूर की गई राशि राज्य सरकार से प्राप्त प्रस्तावों में प्रक्षेपित आवश्यकता के अनुसार है ।

(घ) नौवें पंचवर्षीय योजना आबंटन प्रस्तावों को अभी अंतिम रूप दिया जाना है।

विवरण

आठवीं पंचवर्षीय योजा के दौरान उत्तर प्रदेश में कमजोर वर्गो के लिए शुरू की गई योजनाएं ।

(रूपए लाख में)

क्र सं.	योजना का नाम	आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान व्यय की गई राशि
1.	अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति छात्रों को मैट्रिकोतर छात्रवृत्ति	4806.17
2.	अस्वच्द व्यवसायों में लगे लोगों के बच्चों को मैट्रिकपूर्ण छात्रवृत्ति	
3.	अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति छात्रों की प्रतिभा उन्नयन	10.26
4.	बुक बैंक	183.58
5.	कोचिंग और सम्बद्ध योजना	-
6.	अनुसूचित जाति के लडकों के लिए होस्टल	106.41
7.	अनुसूचित जाति की लड़कियों के लिए होस्टल	228.69
8.	सफाई कर्मचारियों और उनके आश्रितों की मुक्ति और पुनर्वास	16992.26
9.	सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 तथा अनुसूचित जाति एंव अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 का कार्यन्वय	693.54
10	अनुसूचित जाति विकास निगमु	992.54
11	अनुसूचित जातियों को विशेष संघटक योजना के लिए विशेष केन्द्रीय सहायता	28261.11
12	अनुसूचित जातियों के लिए स्वैच्छिक संगठनों को सहायता (स्वेच्छिक संगठनों को सीधे सहायता दी जाती है)	602.54
13	कम साक्षरता वाली अनुसूचित जाति की लडकियों के लिए विशेष शिक्षा विकास	4.25
14	आदिवासी उपयोजना को विशेष केन्द्रीय सहायता	90.76
15	कमजोर वर्गो के लिए परीक्षा पूर्व कोचिंग केन्द्र	80.00